तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, मंगलवार 15 अप्रैल 2025

सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाई गई बाबा साहेब ... 14



अंचल में श्री राम भक्त हनुमान जन्मोत्सव... 13





**खबर संक्षेप**

### पंचायत सचिवों की हड़ताल को पटवारी संघ ने दिया समर्थन



**डौंडीलोहारा।** संविधान निर्माता डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती पंचायत सचिवों ने हड़ताल स्थल पर ही मनाई । प्रदेश ग्राम पंचायत सचिव संघ के प्रांतीय आह्वान पर सचिव संघ 18 मार्च से 29वें दिन भी हड़ताल पर डटे रहे।पंचायत सचिव द्वारा स्थानीय अधिकारी कर्मचारी संघ को पत्र प्रेषित कर शासन द्वारा सौंपी जा रही सचिवीय दायित्व को स्वीकार न करने और सचिवों के मांग मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए सचिवों का शासकीयकरण को पूरा करने के लिए पूर्ण समर्थन देने का आग्रह किया जा रहा है। इस बीच तहसील इकाई पटवारी संघ धरना प्रदर्शन स्थल पर उपस्थित हुए और उन्होंने शासन से निवेदन किया है कि पंचायत सचिवों की मांग जायज है अतः शीघ्र ही पंचायत सचिव की मांग को पूर्ण कर उनके हड़ताल को समाप्त कराएं। उधर, क्रमिक भूख हड़ताल के चौथे दिन सोमवार को रूपा कटझरे, हेमलता मानिकपुरी, रुद्राणी तारम, पद्मिनी बगरिया, खिलेश्वरी साहू उपस्थित रहे। 14 अप्रैल सोमवार को संविधान निर्माता बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर 120 ग्राम पंचायत के सचिव प्रांतीय रणनीति अनुसार भीमराव साहब अंबेडकर की जयंती धरना प्रदर्शन स्थल पर मनाई गई।

### तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

**भिलाई।** तेज रफ्तार ट्रक ने साइकल सवार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में साइकल सवार की मौक पर मौत हो गई। ट्रक चालक के खिलाफ पुलिस ने जूर्म दर्ज किया है। स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि ट्रक सीजी 04-एचएस 5989 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलते हुए सायकल सवार पुरानी बस्ती कोहका निवासी गौतम साहू 50 वर्ष को जोरदार ठोकर मार दी। घटना में गौतम की मौके पर ही मौत हो गई। घटना अवंती बाई चौक कोहका के पास की है। मृतक बीएसपी में प्राइवेट काम करता है। घर से ड्यूटी जाने के लिए निकला था। ट्रक चालक ने गौतम की साइकल को पीछे से ठोकर मारने से वह सड़क पर गिर पड़ा। जिससे सिर समेत शरीर के विभिन्न जगहों पर चोट आई थी। आसपास के लोगों की मदद से ट्रक चालक को पकड़ा गया नहीं तो फरार हो जाता। सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची टीम ने ट्रक समेत चालक को पकड़कर चौकी लेकर गई। गौतम को लोगों ने शास्त्री अस्पताल सुपेला लेकर गए लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**विडंबना : बालोद अंतर्गत ग्राम निपानी में रविवार रात धारदार हथियार से महिला पर किया गया वार**

# कुछ दिन पहले बचाओ-बचाओ कहते सरपंच के पास पहुंची थी महिला, आखिर हो गई हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ब्लाक के ग्राम निपानी में कुछ दिन पूर्व घर से भागते हुए बचाओ-बचाओ की आवाज लगाकर कोटवार और सरपंच के पास पहुंची 35 वर्षीया मीना उर्फ रामबती साहू की अंततः धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गई है। रामबती उर्फ मीना की लाश उनके ही शयनकक्ष के फर्श पर पड़ी मिली। उनके सिर पर गंभीर चोट के निशान थे, वहीं, फर्श पर खून फैला था।

महिला का शव चित हालत में पड़ा मिला। सिर से काफी खून बह चुका था। जानकारी के अनुसार घटना रविवार रात की बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि मृतका के पति रामेश्वर उर्फ गोलू साहू एक नाचा कलाकार हैं, जो कार्यक्रम के सिलसिले में घटना के दिन घर पर नहीं थे। बाहर कार्यक्रम में गए थे। दूसरे दिन सुबह उन्हें घटना की जानकारी मिली। इधर बताया जाता है कि रामेश्वर और उनके भाईयों के बीच बंटवारा हो चुका है। सभी एक ही आंगन से लगे हुए पृथक घरों में अलग-अलग निवास करते हैं। घटना की रात को अलग मकान में मृतका के जेठ विजय और उनकी पत्नी, मृतका की लकवा ग्रस्त सास व उनके ससुर श्याम साहू अलग अलग मकान में रह रहे थे।



### परिवार के लोग कार्यक्रम से घर लौटे, तो बेटी ने देखी लाश

मृतका के बच्चे सहित अन्य सदस्य परिवार में किसी रिश्तेदार के यहां कार्यक्रम में साड़ी भेंट करने के लिए गए हुए थे। मृतका के दो बच्चों में एक लड़का व एक लड़की है। वे दोनों भी कार्यक्रम में गए थे। रात में करीब 11 बजे जब बच्चों सहित अन्य रिश्तेदार घर पहुंचे तो उनकी बेटी मां के पास सोने जा रही हूं कहकर कमरे की ओर गई, तो खून से लथपथ लाश देखकर बदहवाश हो गई। उसने घर के सदस्यों को इसकी जानकारी दी। देर रात को कोटवार को खबर और पुलिस तक भी सूचना दी गई। रात होने के कारण कमरे को सील कर दिया गया और सुबह से ही बालोद पुलिस, साईबर सेल और फोरेसिंक टीम जांच में जुट गई थी।

### अनेक सवालों के जवाब जानने में जुटी पुलिस

ग्रामीणों ने बताया कि कुछ दिन पूर्व महिला पेटिकोट और ब्लाउज पहने घर से भागते हुए बचाओ-बचाओ की आवाज लगाते हुए कोटवार और सरपंच के पास गई थी। क्या उस दिन हुई घटना का ताल्लुक इस हत्या से जुड़ा है, हत्यारा कौन है, परिवार के लोगों ने उसे मारा है या बाहर से आकर किसी ने हत्या की है, इन सभी पहलुओं पर पुलिस छानबीन कर रही है। अवैध संबंध के शक को लेकर पति–पत्नी के बीच पूर्व में विवाद होने की बात सामने आ चुकी है। हालांकि बालोद पुलिस ने अभी कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं किया है, ना ही संदेही को गिरफ्तार किया गया है, सभी पहलुओं पर छानबीन जारी है।

# तेज रफ्तार एंबुलेंस ने बाइक को मारी टक्कर, तीन घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

निको माइनिंग कंपनी गिधाली की तेज रफ्तार एंबुलेंस की टक्कर से बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि एंबुलेंस दल्लीराजहरा से गिधाली की तरफ आ रही थी, जिसने चिपरा से दल्लीराजहरा की ओर जा रही मोटर साइकिल को महावीर मेडिकल कुसुमकसा के पास मुख्य मार्ग पर ठोकर मार दी। वहीं, बाइक को ठोकर मारने के बाद एंबुलेंस कपड़ा दुकान के सामने घुस गई। मोटर साइकिल सवार दोनों व्यक्तियों को गंभीर चोट आई है, जिन्हें 108 वाहन से उचित उपचार के लिए शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चिखलाकसा ले जाया गया। वहीं ▶▶| शेष पेज 13 पर

- कुसुमकसा में हुई दुर्घटना

### एंबुलेंस की टक्कर से लोहे का मोटा चैनल भी बेंड

बताया जा रहा है कि उक्त कंपनी के एंबुलेंस क्रमांक सीजी 24यू 0490 को चालक छगन सुबह लगभग 6 बजे प्लांट के अंदर से वाहन लेकर ग्राम बकली टोला के संगलूराम की पुत्र वधु डिलिवरी मरीज को राजहरा के निजी अस्पताल छोड़ कर वापस गिधाली जा रहा था। इस बीच सुबह लगभग 7.30 बजे कुसुमकसा में दुर्घटना हो गई। प्रत्यदर्शियों ने बताया कि एंबुलेंस वाहन को चालक तेज रफ्तार से चला रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि एंबुलेंस की रफ्तार इतनी तेज थी कि मोटर साइकिल को ठोकने के बाद एंबुलेंस लगभग 50 मीटर दूर कपड़े की दुकान के सामने हिस्से में लगे लोहे की चैनल को टक्कर मारते हुए छोटी दीवार को तोड़ दी। एंबुलेंस की टक्कर से लोहे का मोटा चैनल भी बेंड हो गया।

### ड्यूटी जाने निकला था बाइक सवार

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम चिपरा निवासी देवेंद्र कुमार पिता कन्हैयालाल घर से मोटर साइकिल क्रमांक सी जी 24 जे 4431 से ड्यूटी जाने दल्लीराजहरा के लिए निकला था। साथ में उसका भांजा चिल्हाटी निवासी तुषार दल्लीराजहरा में वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने मोटर साइकिल पर सवार था। एंबुलेंस की टक्कर से देवेंद्र के हाथ ब तुषार के पैर सहित अन्य जगह में गंभीर चोट आने से काफी खून निकला, 108 वाहन की मदद से घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चिखलाकसा ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद शासकीय जिला अस्पताल बालोद रिफर किया गया। वहां से चिकित्सकों ने जांच कर राजनांदगांव मेडिकल कालेज रेफर कर दिया, जहां उपचार जारी है।

## डॉ. आंबेडकर की जयंती पर कलेक्टर चंद्रवाल ने किया नमन...



**बालोद।** भारतीय संविधान के शिल्पी और भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में स्थित उनकी प्रतिमा पर कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक सहित संयुक्त जिला कार्यालय के अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।

### जनपद सदस्य गुलशन ने किया गुरेदा स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण



**गुण्डरदेही।** जनपद सदस्य गुलशन साहू ने अपने जनपद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गुरेदा के स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। जहां उपस्थित डाक्टरों से स्वास्थ्य संबंधित आवश्यक जानकारी ली।

# उप अभियंता एवं तकनीकी सहायकों ने सचिवों का प्रभार लेने से किया इनकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

डौंडीलोहारा जनपद पंचायत के उप अभियंता व सर्व तकनीकी सहायक को सचिव का प्रभार सौंपने का आदेश जारी हुआ है, क्योंकि पंचायत सचिव अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हुए हैं। लेकिन, जनपद पंचायत डौंडीलोहारा के सभी उप अभियंता व तकनीकी सहायकों ने सचिव का प्रभार पर नहीं लेने के संबंध में सीईओ पंकज देव व एसडीएम शिवनाथ बघेल को ज्ञापन सौंपा। जनपद पंचायत के सभी उप अभियंता व तकनीकी सहायकों ने यह कहते हुए प्रभार लेने से इन्कार कर दिया है कि उनके स्वयं का कार्य इतना अधिक है, जो सचिवों का अतिरिक्त प्रभार लेने से प्रभावित हो सकता है।

**जागरुकता के अभाव व प्रशासन की ढिलाई का दिख रहा असर**

# पराली जलाने पर जुर्माना व सजा भी, लेकिन नहीं मान रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

फसलों के अवशेष पराली को जलाने के विरूद्ध कड़े नियम होने, पराली जलाने वाले किसानों पर जुर्माने का नियम भी है, लेकिन इसका असर न तो जिले के किसानों पर दिख रहा है और न ही प्रशासन इन नियमों को जमीनी स्तर पर उतारने का काम करता दिख रहा है। इसके कारण किसान मनमाने तरीके से फसलों के अवशेषों को जलाने का काम किया जा रहा है।

खरीफ की फसलों की कटाई के बाद वर्तमान में जिले के किसानों द्वारा खरीफ फसल की तैयारी की जा रही है। जिसके लिए किसानों द्वारा पूर्व में रबी फसल की कटाई के दौरान भी खेतों में पड़ी फसलों के अवशेष व पराली को जलाने का काम किया जा रहा है। जिले मे कई ऐसे क्षेत्र हैं, जिनमें किसान एक फसलीय उत्पादन लेते हैं, जो खरीफ के मौसम में ही फसल लेते हैं और फसल कटाई के बाद उसमें बचे फसल अवशेष को समय मिलने पर साफ सफाई करते रहते हैं। वहीं, कई ऐसे किसान हैं, जो दो फसलीय उत्पादन लेते हैं, जिनमें कई खरीफ में धान की फसल लेने के बाद रबी में चना, सरसों व अन्य दलहनीय फसल लेते हैं, जिसके तहत वर्तमान में कई किसानों द्वारा रबी की फसल ली गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पराली जलाना गैर कानूनी है। इसके तहत दोषी पाए जाने पर छह महीने का कारावास व 15 हजार रूपये जुर्माने का प्रावधान किया गया है तथा खेतों में पराली जलाने पर वायु प्रदूशण निवारण और नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाती है, इस अधिनियम के तहत पराली जलाने पर जुर्माना लगाया जा सकता है। भारत के कानून जैसे वायु प्रदूशण निवारण और नियंत्रण अधिनियम 1981 मे स्पष्ट रूप से कहा गया है कि ईंधन के अलावा किसी भी प्रदूशणकारी ▶▶| शेष पेज 13 पर



### जुर्माने का है प्रावधान

पराली जलाने पर दो एकड़ से कम जमीन वाले किसानों पर 5000 रूपये का जुर्माना, दो से पांच एकड़ जमीन वाले किसानों पर 10000 रूपये जुर्माना व पांच एकड़ से ज्यादा जमीन वाले किसानों पर 30,000 रूपये का जुर्माना और छह महीने की सजा का प्रावधान किया गया है।

### क्या है नुकसान

कृषि विभाग ने बताया कि पराली जलाने से वायु प्रदूषण होता है, पराली जलाने से मिट्टी में जीवांश की मात्रा कम हो जाती है, मिट्टी में जीवांश कम होने से मिट्टी में पानी अवशोषित करने की क्षमता कम हो जाती है। वहीं, पराली जलाने से कार्बन डाई ऑक्साईड सीओटू, कार्बन मोनोऑक्साईड सीओ, नाईट्रोजन ऑक्साईड एनओएक्स, सल्फर ऑक्साईड एसओएक्स और मीथेन सीएच 4 जैसे गैसीय प्रदूषकों के साथ कण पदार्थों पीएम 10 और एम 2.5 का एक महत्वपूर्ण स्रोत है, जो मानव स्वास्थ और पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंचाते हैं।




नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होंगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते हैं।

# पावर ऑफ अटॉर्नी के दुरुपयोग से जमीन की खरीदी-बिक्री में बढ़ रही धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

पावर आफ अटर्नी को लेकर लगातार धोखाधडी की शिकायत सामने आ रही है। जिसे लेकर जिला प्रशासन द्वारा बयान जारी किए गए है। जिसमें कहा गया है कि, आम मुख्तियारनामा देने से पहले उस कागज में स्पष्ट उल्लेख हो कि, अधिकार किस लिए दे रहे है। जिससे इसका दुरूपयोग न हो सके।

जिला प्रशासन के समक्ष कुछ प्रकरण आए है, जिनमें कई व्यक्ति पॉवर ऑफ अटॉर्नी (मुख्तारनामा) के माध्यम से अपनी संपत्तियों का हस्तांतरण कर रहे हैं। जबकि पॉवर ऑफ अटॉर्नी एक ऐसी विधिक लिखत है, जिससे किसी एक व्यक्ति को दूसरे व्यक्ति की ओर से मात्र एक एजेन्ट के रूप में कार्य करने का अधिकार दिया जाता है। मुख्तियारनामा संपत्ति का सौदा करना, संपत्ति को बंधक रखकर ऋण लेना, संपत्ति का विक्रय करना आदि के लिए उपयोग किया जाता हैं। यह सुविधा खासतौर पर उनके लिए उपयोगी होती है जो व्यक्ति स्वयं उपस्थित होकर कार्य न कर सकें। जैसे कि विदेश में रहने वाले या अन्य राज्यों में रहने वाले व्यक्ति, ऐसे व्यक्ति जो गंभीर बीमारी से ग्रस्त होने के कारण उक्त कार्य नहीं कर सकते। वृद्धावस्था के कारण स्वयं कार्य नहीं कर सकते आदि। ऐसे व्यक्ति जो स्वयं अपनी संपत्ति का प्रबंधन कर सकते हैं, स्वयं बैंक एवं अन्य कार्यालय जा सकते हैं, उन्हें पॉवर ऑफ अटॉर्नी नहीं देनी चाहिए।

## पॉवर ऑफ अटॉर्नी के दुरुपयोग से स्वयं को बचाएं

### साफतौर पर कारणों का उल्लेख करें

केवल और केवल विश्वनीय व्यक्ति, जिन्हें आप बहुत अच्छे से परिचित है केवल उन्हें ही आम मुख्त्यार नियुक्ति किया जाना चाहिए। यदि पॉवर ऑफ अटॉर्नी किसी विशेष कार्य के लिए देना आवश्यक हो तो केवल उसी कार्य के करने हेतु सीमित अधिकार के लिए दिया जाना चाहिए। जैसे यदि किसी संपति को केवल किराए पर देना चाहते हैं, जो केवल किरायानामा निष्पादित करने के लिए आम मुख्त्यार नियुक्ति करें। यदि केवल ऋण लेना चाहते हैं तो केवल ऋण लेने के लिए ही अधिकार देवें, अन्य कोई अधिकारी नहीं देना चाहिए। इन अधिकारों को स्पष्ट रूप से आम मुख्त्यारनामा विलेख में लिखवाएं, जो अधिकार प्रदान नहीं कर रहे हैं, उन्हें न लिखवाएं या स्पष्ट रूप से लिखवाएं कि इस आम मुख्त्यारनामा के द्वारा कौन-कौन से कार्य नहीं किया जा सकते हैं।




### जानकारी जरूरी

पावर ऑफ अटॉर्नी देने से पहले भूमि स्वामी को पूरी जानकारी होनी चाहिए। दस्तावेज में इसका पूरा उल्लेख होना चाहिए। ताकि इसका दुरुपयोग रोका जा सके। - **प्रियंका श्रीरंगे,** जिला पंजीयन दुर्ग

### संपत्ति के खरीददार क्या सावधानियां रखें

पॉवर ऑफ अटॉर्नी एक अस्थायी व्यवस्था है और इसे कभी भी रद्द किया जा सकता हैं। यदि पॉवर ऑफ अटॉर्नी देने वाले की मृत्यु हो जाती है या वह दिवालिया घोषित हो जाता है, तो पॉवर ऑफ अटॉर्नी स्वतः ही समाप्त हो जाती है। मूल मालिक जब चाहे इसे रद्द करा सकता है। ऐसी स्थिति में पॉवर ऑफ अटॉर्नी धारक द्वारा किए गए किसी भी कार्य को चुनौती दी जा सकती है, जिससे खरीदार मुश्किल में पड़ सकते हैं। जब भी आप कोई संपत्ति खरीदने का निर्णय लें, तो अनिवार्य रूप से जमीन के मूल मालिक से मुलाकात करें और उनसे संपत्ति के सभी दस्तावेजों की मूल प्रति प्राप्त कर स्वयं सत्यापित करें।

## खबर संक्षेप



### महापौर ने बस स्टैंड में प्याऊ घर का किया शुभांरभ

**दुर्ग।** बस स्टैंड के पास सत्य साईं सेवा समिति द्वारा राहगीरों के लिए शीतल जल उपलब्ध कराने प्याऊ घर खोला गया है। महापौर अलका बाघमार ने एमआईसी सदस्य हर्षिका संभव जैन के साथ सत्य साईं सेवा समिति के सदस्यों के साथ प्याऊघर का शुभारंभ किया। महापौर ने कहा प्याऊ घर की सुविधा मिलने से लोगों को भीषण गर्मी में पेयजल उपलब्ध होता है। स्वयंसेवी संस्थाओं ने हमेशा से इस दिशा में बेहतर काम किया है। उन्होंने कहा कि गर्मी के कारण केवल नागरिक परेशान नहीं होते बल्कि पक्षी भी पेयजल के लिए परेशान होते हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील कर कहा कि अपने घर के आंगनए छत और दीवारों में पक्षियों के लिए पानी से भरे सकोरे रखने की व्यवस्था करें। मौके पर समिति के बीपी पांडे, आरके तिवारी, सिन्नरकर, दिलीप ठाकुर, सुंदर बंसल, केआर मुदलियार, संजय कानखोजे, गौरव ठाकुर, नवीन त्रिपाठी, राजेंद्र साहू मौजूद थे।

### अवतरण पर सत्संग दिवस का दिया संदेश



**दुर्ग।** श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई-दुर्ग के तत्वावधान में संत आशाराम बापू की समिति द्वारा 19 अप्रैल को संत आशाराम बापू का अवतरण दिवस पर विश्व सेवा सत्संग दिवस मनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर बैजनाथ पारा से भगवान नाम प्रभात संकीर्तन यात्रा निकाली गई। यात्रा का मुख्य उद्देश्य बापू के अवतरण दिवस के निमित्त समाज में राहगीरों को शर्बत व चना प्रसाद वितरण और पत्रिका के माध्यम से सत्संग पहुंचाना है। इस कड़ी में नगपुरा में शर्बत व चने का वितरण किया गया। समिति द्वारा बताया गया कि 12 से 19 अप्रैल तक दुर्ग जिला में 21 स्थानों पर शर्बत व चने की प्रसादी बांटी जायेगी।

### डिप्टी कलेक्टर को सौंपा गया अतिरिक्त प्रभार

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से डिप्टी कलेक्टर हितेश पिस्दा को सौंपे गये कार्यों के साथ-साथ उप जिला निर्वाचन अधिकारी दुर्ग, सामान्य निर्वाचन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, स्थानीय निर्वाचन, परिसीमन पंचायत एवं नगरीय निकाय तथा समय-समय पर कलेक्टर द्वारा सौंपे गए अन्य कार्यों का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### जयंती : जिलास्तरीय कर्मा महोत्सव में शामिल हुए समाज के सैकड़ों लोग

# सामाजिक परिवर्तन और संस्कार के लिए शिक्षा बेहद जरूरी : तोखन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिलास्तरीय कर्मा महोत्सव को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने कहा कि साहू समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है। तोखन ने शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि सामाजिक परिवर्तन और संस्कार के लिए समाज में शिक्षा का विस्तार बेहद जरूरी है। समाज को मजबूत बनाने नियमावली का पालन हो तभी समाज संगठित होगा। तोखन ने बताया कि केंद्र सरकार ने माता कर्मा के नाम पर डाक टिकट भी जारी किया है।

विधायक गजेंद्र यादव ने महोत्सव में कहा कि भक्त माता कर्मा अपनी भक्ति से भगवान श्री कृष्ण को प्रसन्न किया जिसके परिणामस्वरुप भगवान कृष्ण ने उन्हें साक्षात दर्शन देकर समाज कल्याण के लिए आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। गजेंद्र ने कहा कि समाज में कुप्रथा को समाप्त करने समाज को जागरुक होना पड़ेगा।

पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि समाज को अपने संगठन के नियमावली के अनुसार चलकर संस्कारों एवं परंपरा को जीवित रखे।

प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंग साहू ने कहा कि समाज मे कुरीतियों को खत्म करना है एवं संगठित होकर और आगे ले जाना है।

जिला अध्यक्ष नंदलाल साहू ने स्वागत भाषण में केंद्रीय मंत्री एवं विधायक गजेंद्र यादव से 2.32 एकड़ जमीन प्राप्त हुई है भवन के लिए 5 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की जाए। इस मांग पर राज्यमंत्री तोखन और विधायक गजेंद्र को समाज की ओर से मांग पत्र भी दिया गया।

दुर्ग जिला साहू संघ ने मानस भवन में जिला स्तरीय कर्मा महोत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम में जिले भर से साहू समाज के 20 हजार लोग शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत कलश शोभा यात्रा से प्रातः 9.30 बजे से हुई। महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। भक्त माता कर्मा की महाआरती से प्रातः 11 बजे से हुई। प्रातः 12 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम की रंगारंग प्रतुति, पश्चात सम्मान समारोह का आयोजन दोपहर 1 बजे से किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू थे। अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ टहल सिंग साहू ने की। कार्यक्रम में विधायक गजेंद्र यादव, पूर्व मंत्री जागेश्वर साहू, चंदू लाल साहू, श्रीमती रामशिला साहू, दीपक ताराचंद साहू, राजेन्द्र साहू मौजूद रहे। शाम 5 बजे भक्त माता कर्मा की महाआरती एवं राष्ट्रगान के पश्चात कार्यक्रम का समापन हुआ।

### अतिथियों के सामने समाज ने रखी सामाजिक भवन बनाने की मांग



### शोभायात्रा में अरुण वोरा के साथ कांग्रेसी हुए शामिल

दुर्ग जिला साहू संघ और तहसील साहू संघ, दुर्ग शहर द्वारा आयोजित जिला स्तरीय कर्मा महोत्सव के



अंतर्गत भक्त माता कर्मा की 1009वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक अरुण वोरा भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को लेकर उन्होंने कहा भक्त माता कर्मा की 1009वीं जयंती पर आयोजित इस भव्य महोत्सव में सम्मिलित होकर मुझे अत्यंत आनंद और गर्व की अनुभूति हो रही है। यह आयोजन हमारी सांस्कृतिक पहचान, समाज की एकता और परंपरा की दृढ़ता को दर्शाता है। मैं इस कार्यक्रम के सभी आयोजकों का, और विशेष रूप से अध्यक्ष – तहसील साहू संघ पोषण साहू एवं अध्यक्ष – जिला साहू संघ नंदलाल साहू का अभिनंदन करता हूं जिन्होंने इसे इतना भव्य स्वरूप प्रदान किया। कार्यक्रम में पूर्व महापौर आर.एन. वर्मा एवं परमजीत सिंह भुई भी अरुण वोरा के साथ उपस्थित रहे।

# जर्जर नहरों से तालाबों में आ रहा पानी, हजारों गैलन पानी हो रहा बर्बाद, मैदान बने



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

इस तस्वीर को देखकर लगता है कि नहर के बाजू में एक और तालाब है। लेकिन ऐसा नहीं है। मरोदा-रिसाली, रूआबांधा से लेकर तालपुरी तक ऐसे पानी से भरी डबरियां दिखेंगी। न ही ये डबरी हैं और न ही तालाब। दरअसल जलाशय का पानी टूटी-फूटी नहरों की वजह से इस तरह फैल गया है। जिला प्रशासन की मांग पर भीषण गर्मी को देखते हुए भिलाई-दुर्ग व इससे लगे तालाबों को भरने के लिए 1300 क्यूसेक पानी तांदुला जलाशय से छोड़ा गया है।

बालोद के तांदुला जलाशय पर ही दुर्ग जिला पानी के लिए निर्भर है। जिला विभाजन के बाद यह जलाशय बालोद जिले में चला गया है। इसलिए दुर्ग जिले को जब भी पानी की जरूरत पड़ती है बालोद के तांदुला जलाशय से पानी लेते हैं। दुर्ग जिले के 69 तालाबों में इस गर्मी निस्तारी के लिए भरा जा रहा है। जलसंसाधन विभाग के मुताबिक अब तक 43 तालाब भरे जा चुके हैं। 26 तालाबों में पानी भरना शेष हैं। तादुंला जलाशय से हर साल गर्मी में दुर्ग जिले के निस्तारी के लिए पानी लिया जाता है। इसके अलावा रबी फसल के दौरान वर्षा ऋतु के आखिरी में पानी की जरूरत होने पर धान पकने के लिए पानी लिया जाता है। नहरों की हालत ऐसी है कि हजारों गैलन पानी जर्जर नहरों की वजह से बर्बाद हो रहा है।

### बजट में प्रावधान

खम्हरिया नहर माइनर की छोटी नहरें जर्जर हो चुकी है। तांदुला जलाशय से भिलाई दुर्ग सहित ग्रामीण इलाकों के तालाबों को निस्तारी के लिए भरने पानी छोड़ा गया है। चार हिस्सों का पेंच जर्जर हैं। इसके लिए राज्य सरकार को पत्राकार किया गया। जिसे राज्य सरकार ने अपने बजट में संधारण के लिए प्रावधान कर लिया है। फंड आते ही यह कार्य प्रारंभ कर देंगे।
**- डीएन शुक्ला**
एसडीओ, जलसंसाधन विभाग

# राज्य में नशाखोरी के कारण बढ़ रहा निरंतर अपराध : वोरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



- शहर के कई मोहल्लों में बढ़ गया है नशे का कारोबार

हालिया समय में छत्तीसगढ़ में अपराधों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। चाकूबाजी, छेड़छाड़, चोरी, हत्या, लूट जैसे अपराध अब आम बात हो चुकी है। दुर्ग शहर भी इससे अछूता नहीं है। विशेषकर सिकोला बस्ती, बघेरा, प्रेमनगर, मोहलाई, उरला, बोरसी और शंकर नगर जैसे बाहरी इलाकों में अपराधों की दर खतरनाक रूप से बढ़ रही है। पिछले महीनों जो अपराध या सड़क हादसे की घटनाएं हुई हैं, उनकी जड़ तक जाने पर एक कारण बार-बार सामने आता है, बढ़ती नशे की लत।पूर्व विधायक अरुण वोरा ने इस पर गहरी चिंता जताते हुए कहा कि नशा अब केवल स्वास्थ्य का नहीं, बल्कि सामाजिक सुरक्षा का संकट बन गया है। उन्होंने सुझाव दिया है कि दुर्ग शहर में प्रशासन और पुलिस को मिलकर निजात अभियान की तर्ज पर विशेष जन-जागरूकता अभियान चलाना चाहिए। स्कूल, कॉलेज, मोहल्लों और सार्वजनिक स्थलों पर नियमित कार्यक्रम आयोजित हों। थानों में काउंसलिंग सेंटर स्थापित किए जाएं। जो लोग नशे के आदी हैं उनकी सूची बनाकर उन्हें पुनर्वास की दिशा में मार्गदर्शन दिया जाए। शराब या नशे की हालत में गाड़ी चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई हो।

### रसमड़ा में पोषण पखवाड़ा चलाया गया

**दुर्ग।** महिला एवं बाल विकास विभाग दुर्ग ग्रामीण परियोजना अंतर्गत सेक्टर रसमड़ा के ग्राम पेपरछेड़ी में आयोजित पोषण पखवाड़ा में कुपोषण प्रबंधन एवं बेनिफिशियरी मॉड्यूल का प्रदर्शन किया गया। पर्यवेक्षक शशि रैदास द्वारा महिलाओं को सीसैम कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी गई। सामुदायिक ग्रोथ चार्ट के माध्यम से बच्चों के वजन की लाल हरी पीली लाइनों के महत्व को बताया गया। गर्भवती को सही पोषण व खानपान के फायदे बताए गए, बच्चों का वजन और ऊंचाई लेकर ग्रोथ चार्ट में उनकी स्थिति समझाई गई।

### बाबा के संविधान पर चल रहा है सबसे बड़ा लोकतंत्रः अलका



**दुर्ग।** शंकर नगर स्थित बुद्ध विहार में बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर बुद्ध विहार समिति द्वारा सम्मान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मेयर श्रीमती अलका बाघमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। इस अवसर पर अध्यक्षता समिति अध्यक्ष ज्ञानेश्वर बागड़े ने स्वागत सत्कार किया। इस अवसर पर मेयर श्रीमती अलका बाघमार ने अंबेडकर जयंती की बधाई दी। उन्होंने कहा कि जिन्होंने संविधान का निर्माण किया है। इसके माध्यम से विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत चल रहा है। बुद्ध विहार समिति शंकर नगर दुर्ग द्वारा सन 1970 से दुर्ग शहर स्तरीय भारत रत्न डॉ बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के जयंती समारोह का आयोजन कराया जा रहा है। इस वर्ष 134वीं जयंती समारोह का आयोजन 11 से 14 अप्रैल तक किया जा रहा है। कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य चंद्रशेखर चंद्राकर, पार्षद हर्षिका जैन, सावित्री दमाहे, आशीष चंद्राकर और संजय कोहले उपस्थित रहे।

# ऑन रोड सेफ्टी में सड़क सुरक्षा पर हुई बातें हादसा रोकने सभी को लेनी होगी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- न्यायमूर्ति अभय मनोहर स्प्रे ने बैठक में कहा, सडक हादसों को रोकने नियमों का कड़ाई से पालन हो



लगातार सड़क हादसे बढ़ रहे है। इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट ऑन रोड सेफ्टी के न्यायमूर्ति अभय मनोहर स्प्रे द्वारा दुर्ग जिले के लोक निर्माण विभाग के सभा गृह में संयुक्त सडक सुरक्षा की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान न्यायधीश अभय मनोहर स्प्रे ने कहा कि भारत में प्रतिवर्ष 2 लाख लोगों की हादसों में मौत होती है। हर पांच मिनट में 1 व्यक्ति मारा जाता है। वह व्यक्ति किसी घर का चिराग होता या उस परिवार का पालन पोषण करने वाला होता है। मृतक के परिवार पर आर्थिक समस्याओं का बोझ हो जाता है। इस समस्या को दूर करने के लिए आप सभी सभा गृह में मौजूद हैं। सभी मिलकर इस समस्या का समाधान करे सडक दुर्घटना की समस्या सबसे बडी समस्या बन रही है। इसके जिम्मेदार हर शासकीय विभाग है।

इसलिए सभी विभाग को सडक के ब्लेक स्पॉट एवं ग्रे स्पॉट स्थलो का निरीक्षण कर जो भी समस्याएं है। उसे जल्द से जल्द दूर करने का कार्य करें। ऐसे स्थानो में भविष्य में हादसों की पुनरावृत्ति न हो। न्यायधीश द्वार पुलिस विभाग को शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालको पर कार्रवाई करने को कहा है। ऐसे वाहन चालको पर बिल्कुल भी रियात न करे। पुलिस विभाग के साथ सभी विभाग ग्राम पंचायत, शिक्षा विभाग, नगर निगम, परिवहन विभाग और अन्य शामिल विभागो को अपने स्तर पर ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करने को कहा है। जिसमें जिले के संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर, आईजी रामगोपाल गर्ग, कलेक्टर अभिजीत सिंह, एसपी जितेन्द्र शुक्ला, अंतविभागीय लीड एजेंसी छ.ग. अध्यक्ष संजय शर्मा समेत रोड सेफ्टी सेल के अधिकारी मौजूद थे।

### शासन-प्रशासन की सद्बुद्धि के लिए दी आहुति

# आंदोलित सचिवों ने किया हनुमान चालीसा का पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

- हनुमान जयंती पर किया गया आयोजन

पंचायत सचिवों की अनिश्चितकालीन हड़ताल के 27वें दिन पंचायत सचिवों ने हनुमान जन्मोत्सव पर हनुमान चालीसा व सुंदरकांड का पाठ कर शासन व प्रशासन को सद्बुद्धि प्रदान करने के लिए यज्ञ आहुति दी। प्रदेश पंचायत सचिव संघ के आह्वान पर पाटन आंदोलन स्थल पर हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर शासन प्रशासन की सद्बुद्धि के लिए सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। आंदोलनरत पंचायत सचिवों ने भगवान हनुमान की आरती पूजा करके मोदी की गारंटी व भाजपा के जन घोषणा पत्र में शामिल पंचायत सचिवों के शासकीयकरण के लिए कामना की।

### सुशासन तिहार के नाम पर हो रही खानापूर्ति

पंचायत सचिव संघ के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष व दुर्ग जिलाध्यक्ष महेन्द्र कुमार साहू ने बताया कि आंदोलन के 27 वें दिन और पूरे प्रदेश में शासन द्वारा 11 अप्रेल तक सुशासन तिहार के माध्यम से ग्रामीण जनता व हितग्राहियों से विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदन लिया गया है जो कि पंचायत सचिव के आंदोलन में चले जाने से मात्र खानापूर्ति हो के रह गया है। शासन की योजनाओं को जनमानस तक पहुंचाने वाला कोई नहीं है और किस हितग्राही को कौन सी योजना के तहत आवेदन करना है जिसका मार्गदर्शन करने वाला कोई नहीं होने के कारण सुशासन त्योहार फीका साबित हो रहा है । उन्होंने सुशासन त्योहार में मोदी की गारंटी को अमल में लाते हुए पंचायत सचिवों को शासकीयकरण कर तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारियों की सुविधा प्रदान करने की मांग की है।



### 200 कार्य हड़ताल से है प्रभावित

प्रांतीय महामंत्री यशवंत आडिल, ब्लाक अध्यक्ष प्रदीप चन्द्राकर, गिरधर वर्मा, बिहारी साहू, द्वारिका यादव सहित सचिवों का कहना है कि नव निर्वाचित सरपंचों का प्रभार नही हुआ है। सरपंचों का प्रभार हुआ है वहा बैंक खाता संचालन रुका हुआ है व डीएससीए 15वें वित्त, प्रधानमंत्री आवास योजना, जन्म-मृत्यु, विवाह, पंजीयन, आय जाति, निवासी प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, आवास प्लस सर्वे, राशनकार्ड, नल जल, मनरेगा सहित विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्य सहित 29 विभाग के 200 प्रकार के कार्य प्रभावित है।

### केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन को पंचायत सचिवों के शासकीयकरण के लिए सौंपा ज्ञापन

जिला स्तरीय भक्त माता कर्मा जयंती महोत्सव मानस भवन दुर्ग में कार्यक्रम के



मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू की उपथिति में सचिव संघ के पदाधिकारियों ने मुलाकात करके पंचायत सचिवों के शासकीयकरण के सम्बंध में ज्ञापन सौंपा। राज्यमंत्री को पँचायत सचिवों ने बताया कि भाजपा के जन घोषणा पत्र व प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी में 100 दिन के भीतर पंचायत सचिवों का शासकीयकरण करने का आश्वासन दिया गया था। मोदी की गारंटी पूरी करने के लिए 7 जुलाई 2024 को पंचायत सचिव पदस्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री द्वारा समिति गठित करके एक माह में शासकीयकरण करने का वचन दिया था, लेकिन राज्य सरकार के 16 माह बीत जाने के बाद भी पंचायत सचिवों के शासकीयकरण नहीं हुआ है। पंचायत सचिव संघ के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष व दुर्ग जिला अध्यक्ष महेंद्र साहू ने बताया कि केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन ने सचिव संघ की पीड़ा को समझते हुए मुख्यमंत्री से चर्चा करने और पंचायत सचिवों की मांगों पर गंभीरतापूर्वक निर्णय लेने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर धमधा ब्लाक अध्यक्ष नरेश कुमार साहू, दुर्ग ब्लाक अध्यक्ष निमेष भोयर, कोषाध्यक्ष धारेंद्र देवांगन, हेमन्त साहू उपस्थित थे।

# कुडो चैंपियनशिप में दुर्ग बना ओवर ऑल चैंपियन

**दुर्ग।** तृतीय सबजूनियर, जूनियर एवं सीनियर महिला एवं पुरुष कुडो




चैंपियनशिप 2025 का आयोजन स्वामी विवेकानंद सभागार में हुआ। जिसमें छग प्रदेश के 17 जिले के खिलाड़ियों ने अलग-अलग वजन वर्ग के कुल 265 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जिसमें दुर्ग जिले से सबसे ज्यादा 53 गोल्ड, 7 सिल्वर और 3 ब्रॉन्ज कुल 63 पदक जीतकर ओवर ऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। आयोजन के मुख्य अतिथि नगर निगम के महापौर अलका बाघमारा रही। जिला कुडो संघ की सचिव लीलिमा सोनी ने बताया कि स्वर्ण पदक विजयी खिलाड़ी महाराष्ट्र के पुणे में 16 से 22 मई तक होने वाले तृतीय राष्ट्रीय कुडो चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि कुडो संघ की चेयरमैन अनुराधा सिंह, पद्मानभपुर पार्षद लीलाधर पाल, कसारिडीह वार्ड 44 पार्षद मनीष कोठारी, मनीष ताम्रकार, कुडो कोच भूपत साहू, मनीष साहू, इंदु साहू एवं तृप्ति साहू, जितेन्द्र सिंह राजपूत उपस्थित रहें।

**खबर संक्षेप**



### केंद्रीय मंत्री तोखन से भाजपा नेताओं ने की भेंट

**गुरूर।** पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष कौशल साहू, नंदकिशोर शर्मा, नगर पंचायत गुरुर अध्यक्ष प्रदीप साहू, पूर्व नगर पंचायत गुरुर अध्यक्ष गिरधर ठाकुर, अजेन्द्र साहु ने नगर में पहुंचे केंद्रीय मंत्री तोखन साहू से मिलकर नगर विकास सहित विभिन्न विषयों में चर्चा की।

### तहसीलस्तरीय कर्मा महोत्सव 20 को कोनारी में

**अंडा।** तहसील स्तरीय विशाल कर्मा महोत्सव नवनिर्मित भवन की पूजा एवं नवनिर्वाचित सामाजिक जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह 20 अप्रैल को ग्राम कोनारी में होगा। कार्यक्रम का आयोजन तहसील साहू संघ दुर्ग ग्रामीण, परिक्षेत्रीय साहू संघ कुथरेल एवं स्थानीय साहू समाज कोनारी के संयुक्त तत्वावधान में होगा। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि पूर्व अध्यक्ष प्रदेश साहू संघ एवं पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू होंगे, अध्यक्षता अध्यक्ष जिला साहू संघ दुर्ग नंद लाल साहू करेंगे।



### जनपद सदस्य गुलशन ने किया पौधारोपण



**गुण्डरदेही।** भारतीय जनता पार्टी के 46 वें स्थापना दिवस के अंतर्गत सेवा पखवाड़ा में जनपद सदस्य गुलशन कुमार साहू ने अपने क्षेत्र में पौधारोपण कर ट्री गार्ड लगाया। इस अवसर पर उन्होंने पौधारोपण करके पर्यावरण के सुरक्षा के लिए जागरूकता अभियान चलाया व पौधारोपण करने पर जोर दिया।

### पावर हाउस चौक पर वाटर एटीएम बिगड़ा

**भिलाई।** पावरहाउस ओवरब्रिज चौक के लगा वाटर एटीएम खराब होने से राहगीरों को पेयजल के लिए परेशान होना पड़ रहा है। इस मामले में नगर निगम भिलाई निष्क्रिय बना हुआ है।

**निधन**

### कौशल्या देवी ओटवानी



**डौंडीलोहारा।** स्थानीय वार्ड नंबर 8 राजापारा निवासी स्व चंदूलाल ओटवानी की धर्मपत्नी कौशल्या देवी ओटवानी (85 वर्ष) का रविवार को निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रही थी। वे संवाददाता शैलेश ओटवानी की माता जी तथा दीपक, विकास व शुभम की दादी जी थीं। उनका अन्तिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में सोमवार को किया गया। जहां बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक व परिवारजन उपस्थित थे।

### रामगोपाल चंद्राकर



**जामगांव आर।** ग्राम बोरवाय के पूर्व सरपंच दाऊ रामगोपाल चंद्राकर 77 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे संतोष चंद्राकर व प्रदीप चंद्राकर के पिता थे।

### अवधराम गजभिये

**लाटाबोड़।** ग्राम पसौद निवासी 57 वर्षीय अवधराम गजभिये का सोमवार को निधन हो गया। वे अभिषेक गजभिये सरपंच सिमरन गजभिये के पिता व शांति गजभिये के पति थे। उनकी अंत्येष्टि मंगलवार को ग्राम के मुक्तिधाम में की जाएगी।

**कार्यक्रम :** अंचल में सुंदरकांड व हनुमान चालीसा पाठ सहित हुए विविध आयोजन

# श्रद्धा व उत्साह से मना श्रीराम भक्त हनुमान का जन्मोत्सव, पूजा-अर्चना कर निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

क्षेत्र में भगवान हनुमान का जन्मोत्सव श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाया गया। मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं, कई स्थानों पर विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया और शोभायात्रा निकाली गई। अनेक गाँवों में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ व सुंदरकांड पाठ का आयोजन कर प्रसादी वितरण किया गया।

ब्लॉक के ग्राम धोबनपुरी (भरदा) के धान संग्रहण केंद्र में हमाल संघ, कर्मचारी तथा समस्त ग्रामवासियों द्वारा बड़े धूमधाम के साथ हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि हनुमान जी शक्ति, भक्ति और सेवा के प्रतीक हैं, उनके आदर्शों को अपनाकर हमें समाज के विकास में भागीदारी निभानी चाहिए। इस दौरान जनपद सदस्य लता लक्ष्मीचंद साहू, जिला पंचायत सदस्य चंद्रिका गंजीर, सरपंच प्रभा देवी साहू, पूर्व जनपद सदस्य ममता साहू, पूर्व सरपंच कुंती रावटे, पंचगण ठगेश्वरी साहू, टेमिन साहू, रुखमनी साहू, छमन गंजीर, मिथलेश रावटे, करण सर्वा, डाली बाई, खोमिन साहू, देवकी मानिकपुरी, चुम्मन गंजीर, योगेश सर्वा, प्रमोद पटेल, अनूप देशमुख, पारख साहू सहित धान संग्रहण केंद्र के हमाल, कर्मचारी तथा ग्रामवासी उपस्थित थे।







### श्री हनुमान जन्मोत्सव पर परसदा में किया गया सुंदरकाण्ड का पाठ



**अंडा।** ग्राम परसदा में राजीव दीक्षित मंच छत्तीसगढ़ बालोद जिला इकाई द्वारा मंच के संस्थापक अध्यक्ष आनन्दकुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में भारतीय नवसंवत्सर चैत्रशुक्ल प्रतिपदा गुडी-पड़वा विक्रम संवत वर्ष- 2082 सनातन नववर्ष में श्री हनुमान जन्मोत्सव दिवस के मांगलिक अवसर के उपलक्ष्य पर जिले के समीपस्थ ग्राम परसदा में स्थित शीतला मंदिर प्रांगण में सुंदरकाण्ड का पाठ किया गया।

हिन्दू जागरण, विश्व शांति, युग परिवर्तन, महाविनाश से बचाव, सबके लिए सद्बुद्धि, सबके लिए उज्जवल और सुखी भविष्य की मंगलकामनाओं के साथ मंच के दुर्ग जिला प्रभारी दुष्यंत साहू व बालोद जिला प्रभारी राकेश देवांगन के नेतृत्व में हुए श्रीरामायण सुंदरकाण्ड का सामूहिक पाठ किया गया, जिसमें ग्राम के पंचों सहित ग्रामवासी उपस्थित थे। वक्ताओं ने राजीव भाई की जीवनी से अवगत कराते हुए बताया कि उल्लेखनीय बात यह है कि राष्ट्र को जगाने के अभियान पर निकले स्वदेशी के प्रखर व मुखर वक्ता, एक समाजसेवी, चिकित्सक और वैज्ञानिक भाई राजीव दीक्षित का प्रवास ग्राम परसदा में भी हुआ था। उपरांत में प्रसादी वितरण के साथ ही स्वदेशी अवधारणा पर आधारित जीवन व्यवस्था को अपनाकर भारतवर्ष को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाकर आर्थिक रूप से मजबूती देने में समवेत प्रयास की अपील की गई।

### अंडा में हनुमान जन्मोत्सव पर बांटी गई खीर-पूड़ी

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत अंडा भवन के सामने हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर वार्डवासियों ने खीर-पूड़ी का प्रसाद वितरित किया। इससे पहले भगवान हनुमान की पूजा-अर्चना की गई। वहीं, सुंदरकांड तथा हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इस अवसर पर विजय लक्ष्मी कन्नौज, तरूण जैन, गौरव जैन, सुभाष जैन, राम खिलावन साहू, ओमप्रकाश साहू, बलदाऊ साहू, उमा सिन्हा, सृष्टि चंदकर, काजल सिन्हा, योगेन्द्र सिन्हा, खेमन साहू, सुनील, आदित्य चन्द्राकर, झलक सिन्हा सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।



### अंचल में श्री राम भक्त हनुमान जन्मोत्सव पर हुए अनेक कार्यक्रम

**बालोद।** जिले के गुण्डरदेही विकासखंड अंतर्गत ग्राम चीचा, देवगहन, अर्जुंदा थाना में हनुमान जन्मोत्सव का धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर थीं। इस अवसर पर बजरंग बली के भक्तों द्वारा जगह-जगह शोभायात्रा तथा प्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय महिला, पुरुष और बच्चे शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान जगह–जगह भजन–कीर्तन का आयोजन हुआ और हनुमान जी की झांकियां सजाई गईं, जिन्हें देखने के लिए लोग उत्साहित नजर आए। जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि हनुमान जी केवल बल



और बुद्धि के प्रतीक ही नहीं, बल्कि संपूर्ण सनातन धर्म के आस्था का केंद्र हैं। उन्होंने कहा कि हनुमान जन्मोत्सव के वसर पर हम सबका उद्देश्य है कि समाज में एकता और भाईचारे का संदेश फैले और सभी हिंदू एकजुट होकर अपनी संस्कृति और परंपराओं का सम्मान करें। इस अवसर पर काशीराम साहू, कमलेश्वर साहू, अंगिरा सिन्हा, तुलेश्वर साहू, लालबहादुर साहू, लखन यादव, चेमन सिन्हा सहित ग्राम के पंच तथा बड़ी संख्या में रामभक्त उपस्थित थे।

### कोचेरा में हुआ कोसरिया यादव समाज का वार्षिक अधिवेशन



**गुरूर।** कोसरिया यादव समाज परिक्षेत्र तार्री से संबंधित ग्राम कोचेरा में परिक्षेत्र द्वारा वार्षिक अधिवेशन का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के माताओं के द्वारा कलश यात्रा निकाली गई और सामाजिक यादव बंधुओं ने राउत नाच करते हुए बाजे गाजे के साथ श्री कृष्ण का जय घोष करते हुए पूरे गांव का गली भ्रमण किया। उसके बाद अतिथियों का स्वागत सम्मान किया गया व परिक्षेत्र के उत्कृष्ट व मेधावी छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि कोसरिया यादव समाज सर्किल गुरुर के अध्यक्ष सालिक राम यादव थे। वहीं, उपाध्यक्ष हिमन लाल यादव, कोषाध्यक्ष तुलसी राम यादव, सचिव देवव्रत यादव, पूर्व महामंत्री संतु यादव, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष धिराजी यादव उपस्थित थे। आखिर में परिक्षेत्र के पदाधिकारी द्वारा अपने सदस्यों का भी स्वागत सम्मान किया गया और आभार व्यक्त किया गया।

## शासकीय सेवक की मृत्यु होने पर अनुग्रह राशि एक लाख 25 हजार करने की मांग

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा, प्रदेश संगठन सचिव बीरबल सिंह देशमुख एवं विकासखंड डौंडीलोहारा ब्लॉक अध्यक्ष अविनाश कुमार साहू ने वित्त मंत्री छत्तीसगढ़ शासन, वित्त सचिव छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन सचिव छत्तीसगढ़ शासन को पत्र लिखकर शासकीय सेवक की मृत्यु होने पर देय अनुग्रह राशि 1,25,000 स्वीकृत करने की मांग की है।

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि वित्त विभाग के संदर्भित परिपत्र वित्त निर्देश 8/2015 छत्तीसगढ़ शासन वित्त एवं योजना विभाग मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर के आदेश क्रमांक 72/एल 2014-71-00331/वि/नि/चार नया रायपुर, दिनांक 24 मार्च, 2015 में शासकीय सेवा में रहते हुए किसी शासकीय सेवक की मृत्यु होने पर उसके परिवार को वेतनमान में बैंड वेतन एवं ग्रेड वेतन के योग के छः माह के बराबर, अधिकतम 50,000/- (पचास हजार) की सीमा तक अनुग्रह राशि दिये जाने का प्रावधान है।



मध्यप्रदेश शासन वित्त विभाग वल्लभ भवन मंत्रालय भोपाल के आदेश क्रमांकः एफ 4-1/2025 / नियम / चार भोपाल, दिनांक 03 अप्रैल, 2025 के द्वारा शासकीय सेवक की सेवा में रहते हुये मृत्यु होने पर मृतक के परिवार को, मृतक शासकीय सेवक के वेतन पुनरीक्षण नियम 2017 में देय वेतन के छः गुना के बराबर, अधिकतम 1,25,000/- (एक लाख पच्चीस हजार) अनुग्रह राशि स्वीकृत किया गया है, अतः छत्तीसगढ़ मे भी शासकीय सेवक की सेवा में रहते हुये मृत्यु होने पर मृतक के परिवार को वेतन पुनरीक्षण नियम 2017 में देय वेतन के छः गुना के बराबर, अधिकतम 1,25,000 रूपए अनुग्रह राशि स्वीकृत की जाए। विकासखंड डौंडीलोहारा के ब्लॉक संयोजक संतोष देवांगन, बसंती पिंकेश्वर, उपाध्यक्ष बृजमोहन मानिकपुरी, मनीष देशमुख, सचिव विजय पटेल, रविन्द्र नाथ योगी, कमल कुमार अलेंद्र, शिवेंद्र बहादुर साहू, नरेंद्र साहू, ओमप्रकाश पाथरे, खेमन लाल साहू, भूषण मंडावी ने भी अनुग्रह राशि में बढ़ोतरी की मांग की है।

### नवोदय के लिए चयनित किंशुक व दीक्षिता का किया गया सम्मान



**जामगांव आर।** ग्राम गातापार निवासी छात्र किंशुक कुमार साहू पिता टोपेश कुमार साहू और छात्र दीक्षिता साहू पिता विनोद कुमार साहू का चयन नवोदय के लिए हुआ। इन होनहार विद्यार्थियों को जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू ने साहू समाज बिलहारी परिक्षेत्रीय अध्यक्ष टेसराम साहू, तहसील स्तरीय वरिष्ठ समाजसेवी खेमलाल साहू सहित अन्य समाजसेवियों की उपस्थिति में सम्मानित किया।

दुर्ग को सुपोषित करने के लिए जिला प्रशासन कर रहा विशेष प्रयास

## खानपान में सुधार से कुपोषण के दुष्चक्र से निकलकर सुपोषित हो गई फाल्गुनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

महिला एवं बाल विकास विभाग जिला दुर्ग कुपोषण को दूर करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। कलेक्टर अभिजीत सिंह के नेतृत्व और जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में दुर्ग को सुपोषित करने हेतु विशेष प्रयास किए जा रहे है। जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि जिला दुर्ग में 77 ग्राम पंचायतों के कुल 247 आंगनबाड़ी केंद्रों को कुपोषण से मुक्त करने के लिए 6 माह की सघन कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वयन की कार्रवाई की जा रही है।

इसी अभियान की यह कहानी एकीकृत बाल विकास परियोजना पाटन जिला दुर्ग के कुपोषण मुक्त ग्राम पंचायत के रूप में चयनित आंगनबाड़ी केंद्र सातरा केंद्र क्रमांक 01 की बच्ची की है।





फाल्गुनी साहू अब कुपोषण के कुचक्र से निकलकर आज सुपोषित होकर स्वस्थ्य तथा निरोगी है। गर्भावस्था में थोड़ी समस्या के कारण बच्ची का वजन कुछ कम था और बच्ची लगातार मध्यम कुपोषित में ही बनी रही। कार्यकर्ता मीना शर्मा ने लगातार उसके घर जाकर माता ,दादा और दादी को उसके पोषण स्तर की जानकारी दी और उसके खानपान में कैसे सुधार कर पोषण स्तर कैसे सुधार सकते हैं उसकी जानकारी देती रही। बच्ची की उम्र 2 साल हुई उसके बाद से ही केंद्र में बुलाकर नाश्ता ,खाना दी और खाने में अलग से पौष्टिक सामग्री जैसे गुड़, फ़ल्ली दाना , चना और खाने में नारियल तेल का प्रयोग करती रही। जिससे बच्ची सामान्य श्रेणी में आ गई। कार्यकर्ता के प्रयास से आज बेटी के माता पिता बच्ची के सुपोषित होने से बहुत खुश है ।

## ग्राम फुंडा में धूमधाम से मनाई गई भक्त माता कर्मा की जयंती

**गुण्डरदेही।** ग्राम फुंडा में परिक्षेत्रिय साहू समाज कलंगपुर द्वारा भक्त माता कर्मा की जयंती बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत में परिक्षेत्र कलंगपुर के ग्राम फुंडा, बोरगहन, पेंड्री, बरबसपुर, कुमली से आए स्वजातीय महिलाओं द्वारा भव्य रूप से भक्त माता कर्मा की शोभायात्रा निकाली गई, जो ग्राम बोरगहन के भरारीपाठ माता मंदिर से होते हुए पूरे गांव भ्रमण किया, उसके बाद भक्त माता कर्मा की तैलचित्र पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वालों को प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया गया और



सभी ग्रामीण अध्यक्षों और पदाधिकारियों का भी सम्मान किया गया, कार्यक्रम में गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य मीना उमाशंकर साहू, तहसील अध्यक्ष डॉ मानसिंग सार्वा, जनपद सदस्य रामेश्वर चंद्राकर, सरपंच प्रतिमा देशलहरे, परिक्षेत्रिय अध्यक्ष कुलेश्वर साहू, बल्दू साहू, भीखा राम साहू, कुशल साहू, तहसील साहू संघ के पदाधिकारी राजेंद्र साहू, किशन साहू, टीकम साहू, बुधारू साहू, सहित परिक्षेत्र समस्त ग्रामीण अध्यक्ष और ग्राम फुंडा के ग्रामवासी उपस्थित थे, कार्यक्रम का संचालन गोपी राम साहू व आभार हिमेंद्र साहू ने किया।

### भारत विकास परिषद नारायणी शाखा की कार्यकारिणी गठित

**भिलाई।** भारत विकास परिषद नारायणी शाखा भिलाई छत्तीसगढ़ की 2025-26 की नई कार्यकारिणी का गठन हुआ। भारत विकास परिषद नारायणी शाखा भिलाई छत्तीसगढ़ की कार्यकारिणी के गठन के लिए चौहान हाऊसिंग में मीटिंग आयोजित की गई। जिसमें सर्व सम्मति से 2025-26 के लिए महिला सदस्यों का चयन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत वन्दे मातरम गान के साथ की गई। इस दौरान वर्ष 2024-25 के आय-व्यय का लेखा-जोखा का विवरण सदस्यों के समक्ष रखा गया। जो कुछ स्पष्टीकरण के बाद सर्वम्मति से पारित किया गया।

**पेज 11 के शेष**

### तेज रफ्तार एंबुलेंस ...

एंबुलेंस के चालक को ग्रामीणों ने वाहन से बाहर निकाला। घटनास्थल पर ग्रामीणों ने बताया कि एंबुलेंस के चालक को बाहर निकाला, तो वह नशा में चूर था। इसके साथ ही उसकी जेब से दो पव्वा देशी शराब भी मिली। इसे देखकर ग्रामीणों ने मदिराप्रेमियों को 24 घंटा शराब मुहैया कराए जाने पर सरकार के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। इस बीच घायल एंबुलेंस चालक छगन को उपचारार्थ निजी अस्पताल ले जाया गया। राजहरा थाना के थाना प्रभारी टीएस पट्टावी को घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस बल को घटनास्थल भेजकर घटना की जानकारी ली। समाचार लिखे जाने तक दुर्घटनाग्रस्त एंबुलेंस घटनास्थल में ही खड़ी है। गौरतलब है निको माइनिंग कंपनी गिधाली में ग्रामीणों को समुचित चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने हेतु ग्राम से अस्पताल ले जाने के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था तो की गई है, किंतु प्रबंधन की लापरवाही के कारण एंबुलेंस चालक ने शराब का सेवन किया है या नहीं देखने वाला कोई नहीं है। शासन प्रशासन एक ओर नशा पान करके वाहन नहीं चलाने के लिए जागरूकता अभियान चला रहा है, लोग गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं।

### पराली जलाने पर जुर्माना ...

सामग्री को जलाना निशिद्व है। सर्वोच्च न्यायालय ने दोहराया कि पराली जलाना नागरिको के प्रदूषण मुक्त वातावरण में रहने के मौलिक अधिकार का उल्लंघन है।

HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### सिम कार्ड का झांसा देकर ठगी, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** आधार और बायोमैट्रिक को तीन बार लाइव करने का झांसा देकर फर्जी सिम बनाकर दूसरे को बेचने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने सिद्धि विनायक मोबाइल दुकान के युवक के खिलाफ धारा 420, 419, टेली कम्युनिकेशन एक्ट 42(3)(ए) के तहत जूर्म दर्ज किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि शास्त्री नगर केम्प 1 निवासी लक्ष्मी चौहान 6 जून 2024 की शाम सिद्धि विनायक मोबाइल दुकान के व्यक्ति ने आधार कार्ड से लाईव फोटो व बायोमेट्रिक लेकर पीड़ित के नाम से सिम नंबर दूसरे को जारी किया। पीड़ित से जानकारी लिए बगैर सिम को बेचकर ठगी किया। युवक ने आधार कार्ड की फोटो ठीक से नहीं आने का झांसा देकर तीन बार लाइव फोटो, बायोमेट्रिक थम लिया था। साइबर पुलिस से पता चला कि आधार कार्ड से दो अन्य सिम नंबर जारी हुआ है। जिसे पीड़िता ने नहीं खरीदा है। सिद्धि विनायक मोबाइल दुकान के युवक द्वारा प्रोसेस ठीक से नहीं होने की जानकारी देकर घटना को अंजाम दिया है।

### चाकू से हमला करने वाले आए पकड़ में

**भिलाई।** चाकूबाजी कर एक युवक को गंभीर रुप से घायल कर फरार होने का मामला सामने आया है। शिकायत पर आरोपी युवकों के खिलाफ पुलिस ने जूर्म दर्ज किया है। आरोपियों को पुलिस ने शिनाख्त कर हिरासत में लिया है। पुलिस ने बताया कि गौतम नगर निवासी संदीप बघेल अपने दोस्तों के साथ खडा हुआ था। इस दौरान अचानक तीन युवक पहुंचे और संदीप से बातचीत करने लगे। इतने में उक्त युवकों ने संदीप के साथ गाली गलौज कर एक युवक जेब से चाकू निकाल कर संदीप पर हमला कर फरार हो गया। संदीप के साथ खडे उसके दोस्तों ने हमला करने वाले युवक का चाकू मारने वाले को पकड़ने का प्रयास किया। लेकिन आरोपी मौके से फरार हो गए। उसके बाद संदीप को तुरंत शास्त्री अस्पताल उपचार के लिए लाया गया। आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

### तीन तलाक बोलकर किया दूसरा निकाह मामला दर्ज

**भिलाई।** मौखिक रुप तालाक देकर दूसरी युवती से शादी करने का मामला सामने आया है। मुस्लिम महिला की शिकायत पर पति के खिलाफ पुलिस ने धारा 115 (2) बीएनएस,मुस्लिम विवाह विच्छेद अधिनियम वर्ष 2019 की धारा 4 के तहत जूर्म दर्ज किया है। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि कसारीडीह दुर्ग निवासी रेशमा फातिमा ने शिकायत किया है कि पति मो. रईस खोखर 29 वर्ष उसके साथ मारपीट कर मौखिक तलाक दिया है। रेशमा ने पुलिस को बताया कि पति मो. रईस खोखर के द्वारा तीन तलाक देकर दुसरी महिला से शादी करने की सूचना दी। रेशमा का निकाह मो. रईस खोखर से 16 नवम्बर 2023 को पटेल लॉन, पुराना कामठी रोड, नागपूर में मुस्लिम तेली बिरादरी के रीति रिवाज से संपन्न हुई थी। निकाह में दुल्हे को 107786 रुपए सलामी के तौर पर दिया गया था। इसके अलावा सोने चांदी के जेवरात, सोफा, फ्रिज, वॉशिंग मशीन समेत कई महंगे अन्य सामान भी शादी में दहेज के रूप में दिया गया था।

**जयंती : जिला पंचायत बालोद में सहित जिलेभर में हुए विविध कार्यक्रम**

# सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाई गई बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के जंयती के अवसर पर जिला पंचायत सभाकक्ष बालोद में सामाजिक समरसता दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जिला पंचायत के उपाध्यक्ष तोमन साहू, कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, पवन साहू सहित अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक के अलावा जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य और ग्राम पंचायतों के सरपंच उपस्थित थे।

- कार्यक्रम को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने वर्चुअल रूप से किया संबोधित

इस अवसर पर वर्चुअल कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने वर्चुअल रूप से कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान चेमन देशमुख ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने जीवन के हर क्षेत्र में प्रतिकुल परिस्थितियों का सामना करते हुए देश के नवनिर्माण में अपनी महती भूमिका निभाई है। उन्होंने निचले तबके के लोगों को न्याय दिलाने का कार्य किया है।

हम सभी को उनके बताए मार्ग का अनुसरण करना चाहिए। जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के संविधान निर्माण में दिए गए योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने हमें एक ऐसा संविधान दिया है जो भारत को लोकतंत्र, समानता और न्याय की मजबूत नींव प्रदान करता है। पवन साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जंयती पर सामाजिक समरसता दिवस मनाने का निर्णय लिया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत 15 अप्रैल से 30 अप्रैल तक 'मोर दुआर, साय सरकार' महाभियान चलाए जाने तथा भूजल स्तर में वृद्धि हेतु जल संरक्षण का कार्य करने की जानकारी दी।

#### मोर दुआर, साय सरकार का होगा आयोजन

इस अवसर पर बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत चल रहे सर्वेक्षण के कार्य अंतर्गत विशेष पखवाड़े का आयोजन 15 से 30 अप्रैल तक चलाया जाएगा। इसके तहत 'मोर दुआर, साय सरकार' महाभियान अंतर्गत हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की जानकारी दी जाएगी तथा पात्र परिवारों को योजना का लाभ दिलाने पूरी प्रक्रिया से अवगत घर–घर जाकर किया जाएगा। कार्यक्रम में भूजल स्तर वृद्धि के संबंध में तथा वाटर हार्वेस्टिंग के संबंध में भी विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। उप संचालक पंचायत आकाश सोनी ने आभार व्यक्त किया।

#### संविधान की उद्देशिका का किया वाचन

सामाजिक समरसता दिवस के कार्यक्रम में कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने उपस्थित जनों को संविधान की उद्देशिका का वाचन कराया। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं लोगों को भूजल स्तर में वृद्धि लाने तथा जल संरक्षण हेतु प्रयास करने जल शपथ भी दिलाया। कार्यक्रम में जिले के 10 ग्राम पंचायतों में अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केन्द्र हेतु ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं सामान्य सेवा केन्द्र के वीएलई के सर्विस प्रदाता के मध्य एमओयू की कार्रवाई भी की गई। इस अवसर पर बताया गया कि 24 अप्रैल 2025 को पंचायतराज दिवस के अवसर पर उक्त ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र का शुभारंभ किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आवास निर्माण में उल्लेखनीय भूमिका निभाने वाले पंचायत एम्बेसडरों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया।

## डॉ. आंबेडकर के जीवन से संघर्ष और चुनौतीपूर्ण कार्य की प्रेरणा लेनी चाहिए

**भाजपा कार्यालय गुण्डरदेही में आयोजित कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद हुए शामिल**



**गुण्डरदेही।** भाजपा कार्यालय गुण्डरदेही में सोमवार को संविधान निर्माता एवं भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, मंडल अध्यक्ष युवराज मारकंडे, पार्षद हेमंत सोनकर, रोमलाल यादव, सेवक महिपाल, शैल महोबिया, हरीश निषाद, संतोष नेताम, पूजा बिनझेकर, शंकर यादव, टीकू निषाद, ख़ुटेरी सरपंच नविता साहू, विनोद चंद्राकर, विजय यादव, भूषण साहू व भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता शामिल हुए। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने डॉ अंबेडकर को याद करते हुए कहा कि हम डॉक्टर अंबेडकर को संविधान के शिल्पकार के रूप में जानते हैं। उन्होंने लोगों को शिक्षा का महत्व समझाया और उन्हें अपने अधिकारों के प्रति लड़ने के लिए प्रेरित किया। भारत जैसे विशाल और विविधता भरे देश के लिए संविधान बनाना एक बड़ी चुनौती थी, जिसे उन्होंने बखूबी निभाया उनका। श्री जैन ने कहा कि डॉ आंबेडकर का जीवन संघर्ष की एक जीवंत मिसाल है, हमें उनके जीवन से संघर्ष और चुनौती पूर्ण कार्य करने की प्रेरणा लेनी चाहिए। उनके आदर्शों को जीवन में उतारने का संकल्प लेना चाहिए।

### विधायक कार्यालय अर्जुन्दा में मनाई गई डॉ. आंबेडकर की जयंती



**गुण्डरदेही।** विधायक कार्यालय अर्जुन्दा में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विधायक कुंवर सिंह निषाद एवं संतु राम पटेल अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अर्जुदा के नेतृत्व में बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विधायक श्री निषाद ने कहा कि बाबा साहब ने समाज के शोषित, वंचित और दलित वर्ग के उत्थान के लिए सतत संघर्ष किया और आजादी के बाद संविधान का निर्माण कर देश के सभी नागरिकों को समानता के साथ जीने का अधिकार दिया।

### कसही (लो.) में मनाई गई डॉ. आंबेडकर की जयंती



**डौंडीलोहारा।** ग्राम कसही (लो.) के पंचायत भवन में संविधान निर्माता डॉ. बाबा साहेब भीमराव आम्बेडकर की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में सरपंच एन कुमारी राण्डे ,उपसरपंच नरेंद्र कुमार साहू, रोजगार सहायिका मंथिरा टंडन और पंचगण यशवंत साहू, खिलेश्वर मंडावी, ललीता कुंजाम, बिसाहिन बाई चिराम गोमती बाई, माधुरी मंडावी, पिंकी बाई, बनिहारिन बाई, एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

## लघु पुस्तिका समरसता पाती का किया गया विमोचन

**गुण्डरदेही।** डॉ आंबेडकर जयंती पर साहित्यकार केशव राम साहू द्वारा प्रकाशित समरसता पाती (लघुपुस्तिका) का विमोचन किया गया। इसमें गुरु घासीदास बाबा की संक्षिप्त जीवनी, आंचलिक कवि प्यारेलाल देशमुख, शिवकुमार अंगारे, सीताराम साहू द्वारा लिखित पंथी गीत, जनउला, हाना बाना कहानी, कनथलि देशभक्ती गीत का ज्ञान वर्धक संग्रह है, जिसका वितरण किया गया।

- डॉ आंबेडकर जयंती पर किया गया कार्यक्रम का आयोजन



इस कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, मंडल अध्यक्ष युवराज मारकंडे, प्रकाश सिन्हा, दिनेश्वर बघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, पूर्व विधायक राजेंद्र राय, विरेंद्र साहू लेख राम साहू, जिला पंचायत सदस्य कांति सोनेश्वरी, जनपद सदस्य हेमपुष्पा साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने कहा कि संविधान निर्माता बाबा भीमराव आंबेडकर सभी मनुष्य के लिए समानता की बात कहते थे। इस समरसता पाती के माध्यम से ऐसा ही संदेश दिया गया है। जनपद अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर ने कहा कि गुरु घासीदास बाबा के मनखे-मनखे एक समान का नारा ही पूरा मानव समाज को एकता के सूत्र में बांध सकता है। समरसता पाती इस दिशा में किया गया सही प्रयास है। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने समरसता पाती में वर्णित गुरु घासीदास बाबा की जीवनी के साथ छत्तीसगढ़ी संस्कृति का अभिन्न अंग कहानी, कंथली, जनउला, हाना-बाना के साथ ज्ञानवर्धक बातें प्रेम सद्भाव के लिए अनुकरणीय पहल है।

### ब्लॉक कांग्रेस गुरूर ने मनाई डॉ. आंबेडकर की जयंती



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरुर द्वारा संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम ब्लाक कांग्रेस कार्यालय में आयोजित किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा, दुर्गु राम सिन्हा, अजीत साहू, महिमा साहू, ऐस कुमार, सोनू लोहले, चितानंद, दीप्ति यादव, मनोज मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### अर्जुनी में मनाई गई संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती



गुण्डरदेही। भारतीय जनता पार्टी मंडल ओटेबंद के अंतर्गत ग्राम अर्जुनी में संविधान निर्माता डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई गई। जहां आंबेडकर के छाया चित्र पर पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर महामंत्री थानसिंह मंडावी, जनपद सदस्य गुलशन कुमार साहू, घना राम साहू, मोहन लाल साहू, पूर्व सरपंच अंजू राम ठाकुर, योगेश साहू, लखन लाल साहू, अर्जून साहू, गजेन्द्र साहू, कविता साहू, बिन्दु ठाकुर, तोमेश्वर साहू, पवन साहू, भेष साहू, आयुष साहू, रूही ठाकुर उपस्थित थे।

## भाजपा मंडल कुसुमकसा ने मनाई डॉ. आंबेडकर जयंती



**कुसुमकसा।** भारतीय जनता पार्टी मंडल कुसुमकसा द्वारा संविधान निर्माता बाबासाहेब डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती पर आज टेकाढ़ोड़ा में महार समाज के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम डॉ भीमराव अंबेडकर व भगवान विष्णु की पूजा अर्चना की गई झंडारोहण किया गया फिर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख के निर्देशानुसार सेवा पखवाड़ा के तहत डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के एक दिन पूर्व भी इस प्रतिमा के साथ ही आसपास की भी साफ सफाई भारतीय जनता पार्टी डौंडी मंडल के कार्यकर्ताओं ने की थी। इस अवसर पर भाजपा जिला प्रतिनिधि सोमेश साहू पूर्व जनपद सदस्य संजय बैस संतोष जैन पुष्पजीत बैस कमल कांत साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं महार समाज के लोग उपस्थित रहे।

### पांगरी में डॉ. आंबेडकर की जयंती मनाई गई



**गुण्डरदेही।** ग्राम पांगरी में संविधान निर्माता डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में जनपद सदस्य संध्या मनोज खरे, युवा मोर्चा अध्यक्ष श्रीकांत वर्मा नेमलाल यादव, राजेंद्र कुमार चंद्राकर, बहुर सिंह खरे, पुरूषोतम देशलहरा, कल्याण यादव, ललित कुमार सेन, राजेंद्र कुमार बंजारे, भानु ठाकुर, संतोष पटेल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### हल्दी में डॉ. आंबेडकर की जयंती मनाई गई

**लाटाबोड़।** सोमवार को ग्राम हल्दी (बेलोदी) में बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर ग्राम के सामाजिक बंधु माताएं, जनपद सदस्य अश्वनी कुमार कटहरे, सरपंच भगवत प्रसाद ठाकुर एवं ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, एक्जिमा, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**भाजपा ने नेताओं ने कहा- 15 से 25 अप्रैल तक घर-घर जाएंगे कार्यकर्ता**

## भाजपा ने बूथ से लेकर जिलास्तर तक मनाई डॉ. आंबेडकर की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद






भारतीय संविधान शिल्पी, महान अर्थशास्त्री, समाज सुधारक, भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की 135 वी जयंती पर भाजपा जिला बालोद द्वारा बुथ से जिला स्तर तक जयंती मनाई गई। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख ने कहा कि 13 अप्रैल से 25 अप्रैल तक भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर पार्टी द्वारा कार्यक्रमों की श्रृंखला रखी गई है।

उन्होंने कहा कि लोकसभा के चुनाव में कांग्रेस ने आरक्षण खत्म कर देने का झूठ तक फैलाया, कांग्रेस आरक्षण की घोर विरोधी है, जबकि भाजपा व प्रधानमंत्री मोदी ने आरक्षण का समर्थन किया। जिला भाजपा महामंत्री एवं उक्त कार्यक्रमों के जिला संयोजक राकेश छोटू यादव ने बताया कि 13 अप्रैल को जिले के सभी बाबा साहेब की प्रतिमाओं एवं प्रतिमा स्थलों पर स्वच्छता अभियान किया गया। साथ ही 13 अप्रैल की रात को मूर्ति स्थलों पर दीप उत्सव किया गया। 14 अप्रैल को अंबेडकर जी की जयंती पर भाजपा द्वारा मिष्ठान वितरण कर उन्हें अपनी श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस दौरान संविधान की प्रस्तावना का वाचन भी किया गया। उन्होंने कहा कि 15 से 25 अप्रैल तक भाजपा अनुसूचित बस्तियों के हर घर में जाकर बताएंगे कि डॉक्टर बाबा साहब अंबेडकर का अपमान कांग्रेस ने क्यों किया और डॉक्टर अंबेडकर का सम्मान भाजपा ने कैसे किया। उन्होंने बताया कि प्रत्येक जनपद से 25 लोगों का चयन हुआ है, जो पांच–पांच अनुसूचित समाज के प्रमुख लोगों से संपर्क करेंगे। यह अनुसूचित क्षेत्र के लोग भाजपा कार्यकर्ता नहीं होंगे, गैर भाजपा लोगों के साथ मिलकर वार्ता करेंगे।

#### प्रधानमंत्री मोदी ने बनवाया स्मारक : बारले

भाजपा अनुसूचित जाति प्रदेश सदस्य अश्वन बारले ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पंच तीर्थ विकसित किया डॉ आंबेडकर की जन्म भूमि महू, शिक्षा भूमि लंदन, दीक्षाभूमि नागपुर में स्मारक बनवाया। दिल्ली स्थित परी निर्माण स्थल को भी मोदी सरकार ने स्मारक के रूप में स्थापित किया और मुंबई की चैतन्य भूमि जहां डॉक्टर अंबेडकर का अंतिम संस्कार हुआ था आज लाखों लोग वहां हर साल पहुंचते हैं स्टैचू ऑफ क्वालिटी बनाने का कार्य मोदी सरकार कर रही है। निवर्तमान खेरथा मंडल अध्यक्ष टिनेश्वर बघेल ने कहा कि डॉ आंबेडकर की 135 वीं जन्म जयंती भारत के अलावा 120 देश में मनाई गई। 26 नवंबर को संविधान दिवस घोषित किया गया। इसके अलावा केंद्र की मोदी सरकार के कार्यकाल में डॉ आंबेडकर के सम्मान में किए गए कार्यों की भी चर्चा की।

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्लीपर मात्र 13,500/
By Train-रिजर्वेशन कोच
01 जुलाई से 11 जुलाई, 15 जुलाई से 25 जुलाई, 27 जुलाई से 06 अगस्त 2025(11 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
अमरनाथ यात्रा
बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
नोट :- बुकिंग आप जल्द करवाले क्योंकि रजिस्ट्रेशन व मेडिकल करवाना अनिवार्य रहता है।
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 20,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411